बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
टेली : 020-25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार

प्रेस विज्ञप्ति

श्री संजय मल्होत्रा, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग की विशेष उपस्थिति में बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा कस्टमर कनेक्ट एंड आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

पुणे, 5 सितंबर, 2022: बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है। बैंक ने 3 सितंबर, 2022 को पीवाईसी जिमखाना, पुणे में कस्टमर कनेक्ट एंड आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय मल्होत्रा, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग थे। इस अवसर पर श्री भूषण कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग भी उपस्थित थे। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री ए. एस. राजीव, कार्यपालक निदेशक श्री ए. बी. विजयकुमार और कार्यपालक निदेशक श्री आशीष पाण्डेय के साथ ही महाप्रबंधकगण तथा पुणे शहर, पुणे पूर्व और पुणे पश्चिम अंचलों के अंचल प्रबंधक और अन्य स्टाफ सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सहभाग लेने से पूर्व श्री मल्होत्रा ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रधान कार्यालय में बैंक के शीर्ष प्रबंधन के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की और बैंक के कार्य-निष्पादन की समीक्षा की।

श्री संजय मल्होत्रा, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र को पीएसबी के बीच व्यवसाय वृद्धि के मामले में शीर्ष प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। श्री मल्होत्रा ने ग्राहक की आवश्यकता को केंद्र में रखने और ग्राहक संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभिन्न बैंकिंग उत्पाद और सेवाएं तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग चैनलों के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पिछले दो वर्षों के श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र की सराहना की।

श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि - "यह वास्तव में हम सभी के लिए गर्व की बात है कि आज हमारे कार्यक्रम में सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग उपस्थित हैं और इससे हमारी आगे की यात्रा का मार्ग प्रशस्त होगा। आउटरीच कार्यक्रम रिटेल, कृषि, एमएसएमई क्षेत्र के लिए हमारे ऋणों और बैंक की वित्तीय समावेशन की उल्लेखनीय यात्रा का पर्याय बन गया है, जिससे सेवारहितों और वंचितों की सेवा करने के हमारे प्रयासों को बढ़ावा मिला है। श्री राजीव ने बताया कि बैंक भारत सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ प्रदान करने और विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रदान करने में संतोषजनक कार्य कर रहा है तथा डिजिटाइजेशन के माध्यम से इसे अधिक सुविधाजनक बनाने के अपने प्रयासों को जारी रखेगा।

कार्यक्रम में श्री संजय मल्होत्रा, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग एवं उपस्थित अन्य मान्यवरों के कर-कमलों से रु.1000 करोड़ से अधिक के ऋण मंजूरी पत्र लाभार्थियों को प्रदान किए गए। श्री मल्होत्रा ने कार्यक्रम में एसएचजी स्टालों का दौरा किया और सदस्यों से संवाद किया। उन्होंने उन पीएमजेजेबीवाई लाभार्थियों के साथ भी बातचीत की जिन्होंने अपने दावों का निपटान प्राप्त किया है। श्री मल्होत्रा ने हमारे देश को "आत्मनिर्भर" बनाने में योगदान देने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।

श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
टेली : 020-25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार

फोटो कैप्शनः श्री संजय मल्होत्रा, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग लाभार्थी को मंजूरी प्रदान करते हुए। (उनके बाएं ओर) श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, श्री भूषण कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, (उनके दाएं ओर) श्री ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, श्री राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र।